परिणाम | जिले में 5वीं-8वीं का परिणाम उत्साहजनक, 87 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सफल

# अर्शिया बनीं टॉपर, पाटन ब्लॉक ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**नवभारत,जबलपुर।** जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम इस बार भी उत्साहजनक रहे हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र और स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा बुधवार को घोषित परिणामों में दोनों कक्षाओं में 87 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। सुबह 11:30 बजे से छात्र-छात्राएं आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख रहे थे। जानकारी के अनुसार कक्षा 5वीं का रिजल्ट 87.79 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि कक्षा 8वीं में 87.09 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। कक्षा 5वीं में 33,225 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 29,167 उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 8वीं में 29,219 परीक्षार्थियों में से 25,446 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं 20 से 28 फरवरी के बीच बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई थीं। नई व्यवस्था के तहत हुई इन परीक्षाओं में भी जबलपुर के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी क्षमता साबित की है।

### विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल

परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। कई स्कूलों में बच्चों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन की सराहना की।

### टॉपर्स ने बढ़ाया जिले का मान

कक्षा 8वीं में हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्रा अर्शिया खान ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दिव्या बारोलिया और श्रेयांश नेमा ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ब्लॉक स्तर पर पाटन ने सबसे बेहतर परिणाम दर्ज किया। यहां कक्षा 5वीं में 98.23 प्रतिशत और कक्षा 8वीं में 97.13 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए, जो जिले में सर्वोच्च रहा।

### इनका कहना है

नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मुझे यह सफलता मिली। मैंने मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया।

**अर्शिया खान**



मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता और शिक्षकों को जाता है। मेहनत और आत्मविश्वास सबसे जरूरी है।

**दिव्या बारोलिया**

समय का सही प्रबंधन और रोजाना दोहराई मेरी सफलता की कुंजी रही। आगे भी इसी तरह मेहनत करता रहूंगा।



**श्रेयांश नेमा**



# जबलपुर को स्वच्छता में नंबर 1 पर लाने निगमायुक्त ने झोंकी ताकत

**स्वास्थ्य अमले को सुबह 6 बजे फील्ड पर कार्य करने दिए निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का सिरमौर बनाने के लिए नगर निगम अब 'मिशन मोड' में आ गया है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग के पूरे अमले को टीम भावना के साथ कार्य करने और स्वच्छता कार्यों में गति लाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त के अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए अब स्वास्थ्य अमला अलसुबह 6 बजे से ही सड़कों पर नजर आएगा। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड पर रहकर सीधे कार्यों की मॉनिटरिंग करें। नाला-नालियों की सफाई से लेकर पेवर ब्लॉक लगाने तक के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम कमिश्नर ने दो टूक कहा है कि गंदगी फैलाने वालों और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर अब सख्ती से चालान की कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने ये भी कहा कि यदि हम एक होकर टीम भावना के साथ कार्य करेंगे, तो जबलपुर को नंबर 1 बनने से कोई नहीं रोक सकता।

### नाइट स्वीपिंग और डोर-टू-डोर कलेक्शन पर जोर

निगमायुक्त के निर्देश के मुताबिक शहर की रातें भी अब साफ-सुथरी दिखेंगी। इसके लिए नाइट स्वीपिंग टीम को विशेष रूप से सक्रिय कर दिया गया है। वहीं निगमायुक्त ने 100ञ्डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर में



### मैथिल ब्राह्मण महिला महासभा ने निकाली चुनरी यात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के लाल माटी करिया पाथर स्थित शिव शक्ति दुर्गा मंदिर से बुधवार को एक विशाल चुनरी यात्रा मैथिल ब्राह्मण महिला महासभा के द्वारा निकाली गई। यह चुनरी यात्रा कांचघर, गोपाल होटल, चुंगी चौकी होते हुए मंदिर पहुंची। यह चुनरी यात्रा डीजे एवं ढोल नगाड़ों के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें माता रानी की झांकियां भी छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की आयोजक शामली झा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र की सप्तमी पर यह चुनरी यात्रा निकाली गई और माता रानी से सुख शांति की कामना करते हुए मातारानी को चुनरी व श्रृंगार भेंट किया गया।



### राम नाम संकीर्तन से गूंजी गलियां

**नवभारत,जबलपुर।** श्री रामनवमी महोत्सव के उपलक्ष में नर्मदा रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर आदर्श नगर से प्रात: संकीर्तन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में शामिल भक्ति राम नाम संकीर्तन करते हुए निकले। आदर्श नगर की गलियां राम नाम संकीर्तन एवं राधे-राधे से गूंज उठी। विभिन्न मार्गो में भ्रमण करने के बाद संकीर्तन प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा आदर्श नगर पहुंची, जहां सिख समाज द्वारा संकीर्तन में शामिल भक्तों का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्य एवं समस्त कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।



### कुलदीप अध्यक्ष, सरबजीत व रजिंदर सिंह बने उपाध्यक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** नगर के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान श्री गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी जबलपुर के चुनाव डा. संजय सेठ, चुनाव अधिकारी एवं डा. सुनील कुमार पाहवा की देखरेख में सानंद संपन्न हुए । जिसमें कुलदीप सिंह बंसल को अध्यक्ष, सरबजीत सिंह मैनी व रजिंदर सिंह धन्जल को उपाध्यक्ष, जतिंदर सिंह सैनी को सचिव, गुरमिंदर सिंह ननडा को सहसचिव एवं तेजिंदर सिंह गुलडू को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही 15 कार्यकारिणी सदस्य भी मनोनीत किए गए। इस मौके पर नव अध्यक्ष कुलदीप सिंह बंसल ने कहा कि संस्कारधानी से होनहार विद्यार्थी और देश के उत्कृष्ट नागरिक तैयार करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही सामान्यजन और निर्धन तबके के छात्रों को भी शिक्षा मुहैया कराना तथा शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पदाधिकारियों ने गुरुद्वारा मढ़ाताल में माथा टेककर आशीर्वाद ग्रहण किया और मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया।



## विधायक ने किया रंगमंच एवं गार्डन लाइट का भूमिपूजन

**नवभारत,जबलपुर ।** उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत लार्डगंज स्थित नवेरिया गार्डन में बुधवार को विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा करीब 9 लाख की लागत से होने जा रहे रंगमंच एवं गार्डन लाइट निर्माण का भूमिपूजन किया गया, इस दौरान एम आई सी सदस्य रजनी कैलाश साहू एवं बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे। इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि उत्तर मध्य विधानसभा में हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सुरक्षा और संस्कार पर कार्य कर रहे हैं जिसके अंतर्गत हमारे द्वारा व्यवस्थित नियोजन के साथ और गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए लगातार विकास कार्यों को करवाया जा रहा है। डॉ पाण्डेय ने ये भी बताया कि विकास कार्यों को क्षेत्रीय जन के सहयोग और सुझाव के साथ करवाए जा रहे हैं और आगे भी हमनें इसे लगातार योजना पूर्वक करने का संकल्प लिया है।

## महावीर स्वामी की जन्म जयंती पर पांच दिवसीय कार्यक्रम आज से

**नवभारत, जबलपुर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर के द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती के अवसर पर पंच दिवसीय कार्यक्रम आज से आयोजित है। जिसमें आज गुरुवार को विक्टोरिया अस्पताल में मरीजों को फल व भोजन वितरण 27 मार्च को बोर्डिंग मंदिर में भक्तांबर पाठ, 28 मार्च को वन ग्राम कि एकल पाठशाला को गोद लेना , 29 मार्च को संजीवनी नगर जैन मंदिर में पूजन अभिषेक, 30 मार्च को महावीर जयंती को शोभा यात्रा में शामिल होकर बंगाली क्लब के समक्ष श्री जी की महाआरती की जाएगी।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए स्किल डेवलमेंट रिसोर्स सेंटर शुरू

**शासकीय महाकोशल बना कॉलेज सेंटर स्थापित करने वाला प्रदेश का पहला महाविद्यालय**



**नवभारत, जबलपुर।** हेल्प द ब्लाइंड फाऊंडेशन ट्रस्ट, चेन्नई के सहयोग से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आधुनिकतम उपकरणों से लेस कम्प्यूटर लैब एवं स्किल डेवलमेंट रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ डी.के.शर्मा, ट्रस्टी, श्री राधाकृष्णन ट्रस्टी, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल, प्रभारी दिव्यांग प्रकोष्ठ, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परिहार द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, प्रभारी दिव्यांग प्रकोष्ठ ने बताया कि यह प्रदेश का पहला महाविद्यालय है जहां पर स्किल डेवलमेंट रिसोर्स सेंटर की स्थापना हुई है एवं प्रदेश का पहला महाविद्यालय है जहां पर दिव्यांग विद्यार्थियों की फीस माफ है और सबसे अधिक दिव्यांग विद्यार्थी यहाँ अध्ययनरत् है। स्किल डेवलमेंट रिसोर्स सेंटर का मुख्य उददेश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें रोजगार योग्य कौशल सिखाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। महाविद्यालय में 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें दृष्टि बाधित दिव्यांग जनों को कम्प्यूटर स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, मोबिलिटी कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स सहित अन्य कोर्सेज कराए जाएंगे। विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप और लैपटॉप एवं अन्य सुविधाएं भी संस्थान के माध्यम से दी गई है। प्रशिक्षण के माध्यम से नेत्रहीन विद्यार्थियों को स्किल्ड किया जायेगा जिससें उन्हें प्लेसमेंट मिल सकें। इस अवसर पर प्रोगाम हेण्ड सुश्री पूजा, टीम लीडर सुहास होल्कर, टेक्निकल ऑफिसर रंजीत, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत के साथ महाविद्यालय के लगभग 68 दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहें।



## राजभाषा सरिता के 56वें अंक का हुआ विमोचन

**नवभारत,जबलपुर ।** क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 72वीं बैठक बुधवार को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, प्रमोद कुमार खत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने सबका आव्हान करते हुए कहा कि हिंदी का प्रचार-प्रसार व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों से विभिन्न राजभाषा मदों पर अमल कर कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान राजभाषा विभाग पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा सरिता के 56वें अंक का विमोचन किया गया।

बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी ने समीक्षाधीन तिमाही में मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों में आयोजित कार्यक्रमों समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने रेलवे बोर्ड स्तर पर पमरे मुख्यालय को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी इस बैठक में समिति सदस्य एवं विभाग प्रमुख तथा मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक ऑन लाइन उपस्थित थे। सभी ने विभागों, मंडलों तथा कारखानों में सरकारी कामकाज में हुई राजभाषा प्रगति से अध्यक्ष महाप्रबंधक को अवगत कराया तथा रचनात्मक सुझाव दिये।

## लोक निर्माण मंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह आज शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सिंह दोपहर 12.30 सिटी बंगाली क्लब प्रांगण में महाअष्टमी पूजा में तथा दोपहर 1 बजे मदन महल नागपाल गार्डन स्थित विधायक कार्यालय में आमजनों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह शाम 4.30 बजे शारदा चौक में मां दुर्गा जी की प्राण प्रतिष्?ठा एवं सतचंडी यज्ञ में, शाम 4.45 बजे गौतम जी की मढ़िया स्थित हनुमान मंदिर में रामकथा एवं हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में, शाम 5 बजे सिद्ध श्री मां गंगेश्वरी धाम गंगा सागर हनुमान मंदिर में श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में, शाम 5.30 बजे धनवंतरी नगर स्थित श्री सिद्ध दुर्गा मंदिर में श्रीमद देवी भागवत पुराण कथा कार्यक्रम में तथा रात 9 बजे मदन महल स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीराम जन्?मोत्?सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## कांग्रेस की बैठक में नियुक्त किए गए दो मंडलम अध्यक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जवाहरगंज वार्ड क्रं. 22 में सृजन संगठन अभियान के अंतर्गत विद्यासागर भवन जवाहरगंज वार्ड में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजत हुई। बैठक का संचालन मनोज नामदेव ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से मंडलम अध्यक्ष के लिए पंडित आशीष तिवारी, सत्यम तिवारी को चुना गया। बैठक में कांग्रेस के नेता शहर कांग्रेस के संगठन मंत्री रीतेश बंटी गुप्ता, अपशरब मंसूरी, झल्लेलाल जैन, मुकेश राठौर, मनोज नामदेव, सुभाष अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, रवि गुप्ता, रमेश यादव, सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, रवि भल्ला, अंशित सोनी सहित कांग्रेस के अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का आभार पूर्व पार्षद मुकेश राठौर ने किया।

धर्म | कन्या पूजन- भोजन के साथ घरों और मंदिरों में भक्ति का माहौल

# आज चैत्र नवरात्र की अष्टमी : मंदिरों में भक्ति की उमंग





**नवभारत, जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि पर आज लोग अपने-अपने घरों में कन्याओं का पूजन किया जाएगा। कई परिवार पूरे नौ दिन तक कन्या पूजन करते हैं, जबकि कुछ स्थानों पर यह परंपरा आज से शुरू होगी। परिवारों में नन्हीं कन्याओं को घर पर बुलाकर उनके पैर धोकर, मावर लगाकर आरती और टीका के साथ कन्या भोजन कराया जा रहा है। भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार कन्याओं को भोजन करवा कर भक्ति और सेवा का अनुभव साझा कर रहे हैं। इसके साथ ही शहर के बड़े और प्रमुख मंदिरों में आज अष्टमी पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलेगी। नवरात्रि के अवसर पर बैठकी से ही बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई, बंगलामुखी, त्रिपुर सुंदरी और छोटी देवन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहती हैं। माता के भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण के कार्यक्रम आज भी जारी रहेंगे।

### मां खेरमाई मंदिर में जवारे कलश स्थापित

श्री राधा माधव भक्ति सेवा उत्सव समिति, माँ खेरमाई मंदिर, केशरी नगर, मानेगाँव, रांझी के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जवारे कलश स्थापित किए गए। माता रानी का जवारा विसर्जन 28 मार्च 2026 (शनिवार) को होगा, जबकि भंडारे का आयोजन 29 मार्च 2026 (रविवार) को किया जाएगा।

### दिव्यांग छात्रावास में नवरात्र पर फलाहार वितरण



कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा सिविल लाइंस स्थित दिव्यांग छात्रावास में फल एवं फलाहार सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सहेन्द्र श्रीवास्तव (कार्यकारी राष्ट्रीय महामंत्री) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, हरीश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सचिन खरे, प्रभा खरे, ज्योति खरे एवं सरोज खरे सहित अनेक समाजसेवियों ने सहभागिता निभाई।

### गोरखपुर कॉम्प्लेक्स में कन्या भोज का आयोजन



चैत्र नवरात्रि की सप्तमी के अवसर पर गोरखपुर स्थित कॉम्प्लेक्स में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। समाजसेवी हेमंत बड़गैया एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम बड़गैया द्वारा आयोजित इस विशाल कन्या भोज में देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन और आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित कन्याओं में सेवन्या, मुनिनद्र शुक्ला, नंदनी, पूर्वी, अराध्या राजभर, नूरी, दुर्गा सेन, कनक, शिवानी, नीतू, पायल, नेहा चक्रवर्ती, कमाक्षी सोनकर शामिल रहीं। क्षेत्रीय नागरिक रूद्र प्रताप सोनकर और बलविंदर सिंह बाजवा की गरिमामयी उपस्थिति रही।